रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

रविवार, 02 जनवरी 2022, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO : 05 RIGHT MIDDLE

रिद्धिमा के मंच पर सजी सुरों की शाम, झूमे लोग



रिद्धिमा में सजी सुर संगीतों की शाम। • हिन्दुस्तान

बरेली | कार्यालय संवाददाता

एसआरएमएस के संस्थानों में शनिवार को धूमधाम से नववर्ष का स्वागत किया गया। एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग के बाद एसआरएमएस मेडिकल कालेज में नववर्ष का स्वागत हुआ। यहां ट्रस्ट चेयरमैन देवमूर्ति जी ने वर्ष 2021 की उपलब्धियों का जिक्र किया। नववर्ष की बधाई दी। शाम को रिद्धिमा में सुर संगीत की शाम सजी।

डाक्टर हुए प्रोत्साहित, प्रशस्ति पत्र मिले : बेहतरीन काम करने वालों को प्रोत्साहित किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। डाक्टरों और इंजीनियर शिक्षकों से शोधकार्य बढ़ाने पर जोर दिया। वर्ष 2022 में ट्रस्ट की ओर से घोषित धनराशि 50 लाख से बढ़ाने की भी घोषणा की। कोरोना के संभावित खतरों से निपटने के लिए भी तैयार रहने की अपील की।

संगीत -सुरों की महफ़िल : रिद्धिमा में नववर्ष के स्वागत में सुरों की महफिल सजी। यहां गुरु देवज्योति और उनके शिष्यों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। कागज के दो पंख लेके गीत पर गुरु अंबाली प्रहराज और उनके शिष्यों ने भरतनाट्यम पर प्रस्तुत किया। रियाश्री ने... रघुवर तेरी राह निहारे, को कथक पर प्रस्तुत किया। ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, सुरेश सुंदरानी, गुरु मेहरोत्रा, डॉ. अनुराग मोहन, डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. एनके अरोड़ा थे।